Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)


(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 20-06-2022 अंक 261

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## स्वाभिमान और स्पष्टवादिता से ओत - प्रोत झारखंड सरकार के स्वास्थ्यमंत्री बन्ना गुप्ता : डॉ अनिल कुमार



डॉ अनिल कुमार



बन्ना गुप्ता

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

राजनीति में जहां अवसरवादिता और सत्तालोलुपता चरम पर है, जहां सत्ता और कुर्सी के लिए नीति और सिद्धांत रातो रात बदल जाते है, वहाँ एक ऐसा जननेता है जो अपना स्वाभिमान और सिद्धांतों से समझौता करने के बजाय अपना मंत्रीपद कुर्बान करने के लिए तैयार है और इस बात को सार्वजनिक तौर पर कहा भी है। ऐसे नेताओं की वजह से जनता को लो. कतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास बना रहता है। बतौर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अच्छा काम किया है और कोरोना के जानलेवा डेल्टा वैरिएंट के समय में झारखंड ने पूरे देश मे अपना बेहतर मॉडल प्रस्तुत किया और डेल्टा के कहर को काफी हद तक नियंत्रण में रखा। निश्चित तौर पर स्वास्थ्य मंत्री को इसका श्रेय मिलना चाहिए। बन्ना गुप्ता पहली बार चुनाव जीते और मंत्री भी बने हैं। अपने क्षेत्र की जनता के सीधे संपर्क में रहते है। जमीन से जुड़े हुए नेता हैं और बगैर किसी लाग लपेटे के अपनी बातों को रखते हैं। आज जब कि बड़े बड़े नेता सच बोलने से परहेज करते है और बोलने से पहले अपना नफा नुकसान देखते हैं वहाँ बन्ना गुप्ता निर्भी. कता से अपनी बातें रखते हैं, परिणाम की परवाह नही करते हैं। भ्रष्टाचार के कोई भी आरोप इन पर नही लगा है। निश्चित रूप से एसे जनप्रतिनिधि सम्मान के हकदार हैं।

## अपने समस्याओं के समाधान हेतु शिक्षा मंत्री से मिले जिले के सहायक अध्यापक, 7 सूत्री मांग रखा

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित




शिक्षा मंत्री से मिलते सहायक अध्यापक संघ के लोग

झारखण्ड राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो से जिले के सहायक अध्यापक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल हज़ारीबाग़ परिसदन में मिला और अपनी समस्या को रखा। उनके समक्ष सात सूत्री मांग पत्र सौपा गया। इनमे मांग किया गया कि सहायक अध्यापकों के लिए वे. तनमान /वेतनमान के समतुल्य मानदेय हेतु तय समझौते के अनुरूप अविलम्ब बैठक आहूत किया जाय स टेट वि. संगति को दूर करते हुए पूर्व की भांति मानदेय दिया जाय स. सहायक अध्यापकों की मृत्यु की स्थिति में आश्रित को वर्तमान शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अनुकम्पा का लाभ दिया जाय स सहायक अध्यापकों के सेवा पुस्तिका संधारण का आदेश निर्गत किया जाय स टेट पास सहायक अध्यापकों का सीधा समायोजन किया जाय स सर्टिफिकेट सत्यापन पूर्व में लिया गया राशि से ही सत्यापन किया जाय। उपरोक्त मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की बात कही। साथ ही जल्द मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिए स मंत्री जी से मिलने वालों में एकीकृत सहायक अध्यापक संघ के राज्य सदस्य संजय कुमार दुबे,जिला महासचिव शंकर प्रसाद,संजय मेहता,दीपक कुमार मेहता, कैलाश मेहता, देवनारायण प्रसाद, संजीत सिंह, आनंद कुमार, मनोज मेहता, प्रवीण पाण्डेय, प्रमोद मेहता, सुभाष मेहता,अजीत वर्मा,राजीव कुमार, शम्भू यादव, कुंजबिहारी, कमल गुप्ता, छत्रधारी नायक,पुरनेश्वर राम, युसूफ, अशोक कुमार समेत सैकड़ो शिक्षक शामिल थे।

## आत्मा से परिचय कराता है स्वर्वेद : चंद्रमोहन मिश्र

### ब्रह्म विद्या विहंगम योग की ओर सत्संग गोष्ठी का आयोजन

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



सत्संग गोष्ठी में शामिल श्रद्धालु

ब्रह्म विद्या विहंगम योग की ओर से हज़ारीबाग रोड स्थित शंकुतला पैलेस में सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णा कुमार गुप्ता एवं संचालन चंद्रमोहन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सद्‌गुरु सदाफलदेव जी महाराज एवं अन्य गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर किया गया। उसके बाद 5 बार का उद्घोष किया गया। स्वागतगण कृष्णा गुप्ता के द्वारा किया गया। मंगलगान पूनम मिश्रा के द्वारा किया गया। उद्घोष एवं ज्ञान गुदड़ी का पाठ कृ ष्णा कुमार गुप्ता ने किया। स्वर्वेद का पाठ चंद्रमोहन मिश्रा ने किया। उन्होंने स्वर्वेद का पाठ करते हुए कहा कि स्वर्वेद अपने आत्मा की जानकारी लेने का सशक्त माध्यम है। कहा कि ज्ञान की प्राप्ति के लिए गुरु का सत्संग जरूरी है। इस कार्य मे ब्रह्म विद्या विहंगम योग काफी मददगार है। मौके पर भजन, आरती, अमृत वाणी एवं शांति पाठ सामूहिक तौर पर किया गया। मौके पर राम गोविन्द सिंह, चंद्रमोहन मिश्र, पूनम देवी, राजदेव सिंह, कैलाश प्रसाद केशरी, किशोर सिंह उर्फ सतेंद्र सिंह, महेंद्र नारायण सिंह, दिनेश कुमार, फनेन्द्र साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## भंडारों पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया रीना देवी ली शपथ

### भंडारों पंचायत के निर्विरोध उपमुखिया बने महेंद्र यादव

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत भवन में निर्वाची पदाधिकारी के अध्यक्षता में पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया रीना देवी एवं नव. निर्वाचित सभी वार्ड सदस्यों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वहीं महेंद्र यादव पंचायत के निर्विरोध उपमुखिया चुने गए । वहीं मौके पर मौजूद निर्वाची पदाधिकारी सी आर इंदवार ने बलराज यादव को प्रमाण पत्र देकर उपमुखिया घोषित की । मौके पर मौजूद वार्ड सदस्यों ने मुखिया और उपमुखिया को पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर रमेश कुमार यादव, बिरजू यादव, देवनारायण ठाकुर, मुकेश साव, पिंटू यादव, रवि यादव, भुनेश्वर यादव, नागेश्वर यादव, बीरेंद्र पांडेय, पिंटू सिंह, दशरथ मोदी, रामेंद्र प्रसाद यादव, महेंद्र यादव, शिवशंकर प्रसाद यादव, जिब्राइल अंसारी, जुमन खान, रफीक अंसारी, नारायण यादव, मुकेश पंडित, अजय यादव, रामदेव पंडित, क्षत्रु यादव, राजकुमार यादव, प्रवीण यादव, भोला यादव, ब्रह्मदेव यादव, सुनीता देवी, सफीक खान, इबरार अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बरही में भारत बंद का नही दिखा कोई असर

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



केंद्र सरकार की सेना में भर्ती के लिए घोषित नई अग्निपथ योजना के विरोध में सोमवार को किए गए भारत बंद का बरही में कोई असर नहीं देखा गया। सुबह से सभी जगह बाजार खुले और सामान्य दिनों की तरह आवाजाही हुई। गौरतलब है की व्यावसायिक दृष्टिकोण से जीटी रोड एनएच 2 सड़क काफी मायने रखती है । यह मार्ग कोलकाता से दिल्ली को जोड़ती है और इसमें बड़ी बड़ी वाहनों का आवागमन होता है। बंदी होने पर सांसे ज्यादा प्रभाव व्यवसाय को ही पहुंचता है लेकिन राहत भरी बात यह है की जी टी रोड पर भारत बंद का कोई असर नहीं देखा गया। प्रत्येक दिन की तरह सभी वाहनों का आवाजाही सामान्य है। लंबी दूरी की बसे और लंबी दूरी की ट्रके भी देखी जा रही है।

## डपोक पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया इंदिरा देवी ली शपथ

### पंचायत के उपमुखिया बने बलराज यादव

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित




बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत भवन में निर्वाची पदाधिकारी के अध्यक्षता में पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया इंदिरा देवी एवं नव. निर्वाचित सभी वार्ड सदस्यों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उसके बाद उपमुखिया पद के लिए बलराज यादव एवं शांति देवी ने नामांकन दाखिल किया। जिसमे बलराज यादव विजयी घोषित हुए। वहीं निर्वाची पदाधिकारी सी आर इंदवार ने बलराज यादव को प्रमाण पत्र देकर उपमुखिया घोषित की । मौके पर मौजूद वार्ड सदस्यों ने मुखिया और उपमुखिया को पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर अर्जुन रविदास, बिहारी यादव, संतोष यादव, उमेश यादव, रमजान अंसारी, दुखन पासवान, नारायण राम, उपेंद्र पांडेय, विकास पांडेय, राधेश्याम पांडेय, इंद्रदेव यादव, सुरेंद्र राणा, अजय यादव, ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश यादव, बिहारी यादव, संतोष यादव, शंकर यादव सहित पंचायत के अन्य दर्जनों लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मक्का-मदीना के लिए 12 हाजियों की जत्था हुई रवाना

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा. प्रखंड के मस्केडीह एवं कटघरा से 12 हाजियों का जत्था मक्का एवं मदीना शरीफ के लिए रवाना हुए।. मस्. केडीह से 10 हाजी मुबारक अंसारी, ऐनुल अंसारी, शहादत हुसैन, खलील अंसारी, लतीफ उद्दीन, हमीदा खातून, ता. जमून खातून, जैतून खातून, सबीना खातून, नजीरा खातून तथा कटघरा से जाकिर हुसैन व जेनब बीवी हज के लिए गई. जिप सदस्य सविता सिंह, माले प्रखंड सचिव अशोक चौधरी ने हाजियों से मिलकर प्रखंड में खुशहाली एवं अमन चौन की दुआ करने को कहा तथा सफर मंगल मय होने की कामना कि। कोविड-19 के कारण पिछले 2 सालों से हज पर कोई हाजी यहां से नहीं पहुंच पाया था ।लेकिन इस बार हाजियों का जत्था जाने से गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। हाजियों को रवाना करने के लिए गांव के लोगों ने जुलूस निकाला जो मदीना मस्जिद मस्केडीह से शुरु होकर मदरसा दारुल उलूम गौसे आजम, मक्का मस्जिद होते हुए मस्केडीह कब्रिस्तान में जाकर हाजियों ने अपने बुजुर्गो को याद कर गांव, चल. कुशा प्रखंड एवं देश के लिए अमन एवं खुशहाली की दुआ मांगी. मौके पर मुफ्ती आलम नूरी, हाजी, अब्दुल रजाक, तफज्जुल हुसैन, अजमल हुसैन, मौलाना अब्दुल गफूर, असगर अली, मौलाना मो सलीम उद्दीन समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## चलकुशा पंचायत भवन में आधार कार्ड सेंटर का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा-प्रखंड मुख्यालय के निकट चलकुशा पंचायत भवन में आधार कार्ड सेंटर का उद्घाटन किया गया ।आधार कार्ड सेंटर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदा. धिकारी समरेश प्रसाद भंडारी व अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर एवं जिप सदस्य सविता सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । सी एस सी संचालक राजकुमार पंडित ने बताया कि सी एस सी सेंटर में आब लोगों को आधार कार्ड बनाने का सुविधा मिलेगा चलकुशा प्रखंड में आधार नहीं बनने से लोगों को दूसरे प्रखंड में जाना पड़ता था ।अब लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा। हमारे सी एस सी सेंटर में जाति ,आय, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र इन सभी तरह की सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर जिला सी एस सी मैनेजर रोशन कुमार, एम डी निजाम ,विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह ,प्रमुख प्रतिनिधि दीपू चौधरी मुखिया आलोक सिंह ,कुमार अंशु, सुखदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंह ,बासुदेव यादव, लखन साव, रहमान अंसारी, मोहसिन कमाल एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित मुखिया और वार्ड सदस्य को शपथ दिलाई गई उर्मिला बनी उप मुखिया




**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा : प्रखंड के बरकट्ठा उतरी पंचायत सचिवालय में बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी कृतिबाला लकड़ा ने नवनिर्वाचित मुखिया प्रमिला देवी और सभी 11 वार्ड सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। निर्वाची पदा. धिकारी कृतिबाला लकड़ा व सहायक निर्वाची पदाधिकारी डॉ धनंजय कुमार सिंह, जीपीएस कैलाश प्रसाद कुशवाहा,पंचायत सेवक नागेश्वर यादव व बीएफटी दिलीप कुमार दास की निगरानी में उपमुखिया का चुनाव हुआ। उपमुखिया पद पर उर्मिला देवी ने जीत दर्ज की। उन्होंने दीपक कुमार सोनी को 4 मत से पराजित किया। उर्मिला को 7 मत मिला। जबकि दीपक सोनी को चार मत मिला। शपथ ग्रहण कार्यक्रम मे न नवनिर्वाचित मुखिया प्रमिला देवी, पंसस प्रीति गुप्ता और उपमुखिया उर्मिला देवी समेत सभी वार्ड सदस्यों को माला पहनाकर व बुके देकर बधाई दी। नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने कहा की जनता ने जो हमलोगों पर भरोसा जताया है। उस भरोसे को कभी टूटने नहीं दूंगा। शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया मो अब्बास अंसारी, पूर्व मुखिया बसन्त साव, कमलेश भारती, दर्शन सोनी, जागेश्वर यादव, सुशील पांडेय, उमेंश यादव, अशोक गुप्ता, राहुल गुप्ता, रूपेश गुप्ता,संजय गुप्ता, मुकेश यादव डॉ शम्भू शरण यादव, सुषेण पांडेय, छोटी यादव, बजरंग साव, महेश मंडल, सुरेश यादव, श्यामसुंदर यादव,शैरा खातुन,बालेश्वर नायक, अनवर अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मंजू देवी चंदवारा प्रमुख व खुशबू देवी उप प्रमुख निर्वाचित

### एसडीओ ने दिलाई पद व गिपनियता की शपथ

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**



प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को चंदवारा प्रखंड के प्रमुख और उपप्रमुख का चुनाव सम्पन्न हुआ। अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी मनीष कुमार ने सभी 17 पंचायत समिति सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने पर निर्वाची पदा. धिकारी के समक्ष बड़की धमराय से निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी और आरागारो पंचायत से निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य नीलम कुमारी ने प्रमुख पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। नामंकन के बाद प्रमुख पद के लिए चुनाव कराए गए। चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न होने के बाद अधिकारियों और सदस्यों के सामने गिनती शुरू की गई। प्रमुख पद के लिए हुए गोपनीय मतदान में मंजू देवी देवी को 9 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी नीलम कुमारी को 8 मत ही प्राप्त हुआ और इस प्रकार चंदवारा प्रखंड प्रमुख के रूप में मंजू देवी के चुने जाने की घोषणा निर्वाची पदाधिकारी के द्वारा कर दी गई। मंजू देवी के विजयी होने पर अधिक. ारियों ने प्रमुख का प्रमाण पत्र दिया। प्रमुख की घोषणा होते ही समर्थकों ने मंजू देवी को फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशियां जाहिर की। इस बाबत नवनिर्वाचित प्रमुख मंजू देवी ने प्रखंडवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के भरोसे पर हमेशा खरा उतरने का काम करूंगी। साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा हर संभव प्रयास रहेगा। मूलभूत सुविधाओं को हर संभव लोगों तक पहुंचाया जाएंगा। विकास से संबंधित सभी कार्यों को धरातल पर उतार कर जनता तक पहुंच. ाने का काम करेंगे। सबका साथ सबका विकास करूंगी। प्रखंड में चरमाराए शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करूंगी। इधर उपप्रमुख के निर्वाचन को लेकर चंदवारा पश्चिमी से निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य खुशबू देवी व खांडी



पंचायत से नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य पूनम कुमारी व चंदवारा पूर्वी से रेणु देवी ने अपना नामंकन करवाया। नामंकन के बाद रेणु देवी ने नाम वापस ले लिया। जिसके बाद उपप्रमुख के लिए दो प्रत्याशी मैदान में बचे। चुनाव के दौरान खुशबू देवी को 9 मत प्राप्त हुआ वही पूनम कुमारी को 8 मत प्राप्त हुआ। इस तरह से खुशबू देवी प्रखंड उपप्रमुख चुनी गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, थाना प्रभारी अनिल सिंह, एस आई हरदुगन होरो, नवीन होरो, नाजिर शैलेन्द्र कुमार, संतोष कुमार, विशाल राज, श्रवण कुमार, दिनेश कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सवेरा फाउंडेशन ने किया जल यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

### जल संरक्षण के प्रति लोगों को किया जागरूक

**अपेम लाइव डोमचांच**
**सुनिल रजक**




सवेरा फाउंडेशन के द्वारा डोमचांच प्रखंड जंगली क्षेत्र अंतर्गत धरगाँव पंचायत के वैधवर, शेरसिंघा, बैजला, सिमरकुंडी एवं अन्य दो गाँव कानीकेंद, बंदरचौकवा गाँव में रविवार को जल यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सवेरा फाउंडेशन के ए आई डी निदेशक सोमनाथ दा, सचिव अशोक कुमार एवं सवेरा फाउंडेशन से जुड़े कार्यकर्ता सहित गांव वालों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम को लेकर सचिव अशोक कुमार ने बताया कि सवेरा फाउंडेशन के द्वारा जल संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जल यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जो की सोमवार के दिन दूसरे गाँवो में चलाया जाएगा। जल यात्रा में भाग ले रहे सवेरा फाउंडेशन के कार्यकर्ता एवं लोगों ने हा. थों में पोस्टर और बैनर लेकर गांव के सभी वासियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का काम किया। साथ ही सवेरा फा. उंडेशन के कार्यकर्ताओं द्वारा स्कूल और आंगनबाड़ी कैंपस में स्वच्छता अभियान चलाकर पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसे सफल बनाने में सवेरा फा. उंडेशन के कार्यकर्ता जयराम प्रसाद राहुल सिंह कैलाश साव दीपक कुमार सुमन कुमार छोटेलाल पांडेय अजय मिश्रा सावना हंसदा सुखमति मारडी चंदन कुमार गिरीश सिंह संजय सिंह सुजीत कुमार मुन्ना पांडे रौशनी कुमारी सहित अन्य लगे रहे।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## 22 की विशाल जनाक्रोश ट्रैक्टर रैली विधायक अमित यादव ने मजदूरों को रैली में भाग लेने का आह्वाहन किया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा पूर्व नियोजित 22 जून को प्रखण्ड मैदान में आयोजित जनाक्रोश ट्रैक्टर रैली के आयोजन को लेकर गंगपाचो, कपका व बेडो. कला पंचायतों में तैयारी बेठक का आयोजन किया गया ज्ञात हो झारखंड में सरकार के गलत नीतियों के कारण लाखों मजदूरों बेरोजगारी को लेकर 22 जून को जनाक्रोश ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया है बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक अमित यादव ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के तमाम क्रशर संचालको मजदूरों लीज धारकों क्रशर मजदूरों ट्रैक्टर मालिको व मजदूरों तथा इट बालू स्टोन के कारण प्रभावित ग्रामीणों को 22 जून को आयोजित जनाक्रोश ट्रैक्टर रैली में भाग लेने का आह्वान किया उन्होंने कहा हेमंत सरकार के गलत शासन की वजह से झारखंड के लाखों लोग बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है सरकार को चाहिए कि क्रशर व माइनिंग के ला. इसेंस कि प्रक्रिया में सरलीकरण किया जाए एक नीति तय हो कि झारखंड के लोग बेरोजगारी से बाहर निकले आज जनता त्राहिमाम कर रही है सरकारी तंत्र को जरा भी चिंता नही है इन सब बिंदुओं के साथ बरकट्ठा प्रखण्ड मुख्यालय में भव्य जनाक्रोश ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया जा रहा है बैठक में प्रमुख रूप से सुरेंद्र पासवान, भोला प्रसाद, इंददेव प्रसाद यादव,दिलीप मंडल, मनोज प्रसाद, टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, रविंद्र कु शर्मा, बीरेन्द्र कु मेहता, मो खलील अंसारी, बिजय यादव, दुर्गानन्द झा, हीरालाल प्रसाद, मोहन प्रसाद युगल रजक, सरयू यादव भोला राम, छोटीलाल प्रसाद, जागेश्वर यादव, जीबन यादव, मुकेश कुमार, बसन्त राम समेत बड़ी संख्या में समर्थक व ग्रामीण उपस्थित थे ।

## समाजसेवी अनुज सिंह के पिता के निधन का खबर सुनकर मिलने पहुंचे कांग्रेस नेता अरुण साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत केदारूत पंचायत के काटियोन निवासी समाजसेवी अनुज सिंह के पिता का निधन शनिवार को हो गया था। इस बात की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता अरुण साहू मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही साथ उन्होंने भग. वान से प्रार्थना किया की मृतक को अपने चरणों में स्थान दे। और मृतक के परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। मौके पर बरही पूर्वी मुखिया छोटन ठाकुर, बबलू साहू, मो यूसुफ, मो सागिर, सोनू अंसारी, रमेश ठाकुर, भोली पासवान, गोविंद मेहता, सन्नी गुप्ता एवं कुलदीप सोनकर मुख्य रूप से मौजूद थे।

## होल्डिंग टैक्स वृद्धिको लेकर डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति ने उपायुक्त, सांसद व विधायक को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव डोमचांच**
**सुनिल रजक**



डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने डोमचांच में अप्रत्याशित हो. ल्डिंग टैक्स वृद्धि को लेकर कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन से मिलकर महाम. हिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके अलावे कोडरमा सांसद सह केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक नीरा यादव और डोमचांच नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यालय में जाकर उन्हें भी ज्ञापन सा ैंपकर अप्रत्याशित हो. ल्डिंग टैक्स वृद्धि को रोकने के लिए मांग किया। प्रति. निधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि डोमचांच में अप्रत्याशित होल्डिंग टैक्स की वृद्धि से लोग त्राहिमाम हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए तुरंत रोक लगाना होगा। प्रतिनिधिमंडल में देवेंद्र कुमार मेहता, मनोज रजक, बसंत मेहता, संजय कुमार मेहता, शैलेंद्र कुमार सिंह व शिव कुमार मेहता आदि शामिल थे।

## स्कूलों में हो रही चोरी मामले में पुलिस ने किया छरू को किया गिरफ्तार , जेल

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा. प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में 17 तारीख की रात को हुए चोरी के मामले में चलकुशा थाना प्रभारी धनंजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 2 दिनों के अंदर मामले का उद्भेदन कर दिखाया। तथा 6 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया. चोरी में प्रयुक्त वाहनों जे एच 02बी बी 2626 टेंपो एवं एक मf. हंद्रा बोलेरो जे एच 15 एन 8150 के साथ के 16 बोरा चावल, दो गैस सिलेंडर, एक गैस चूल्हा आदि सामान बरामद किया गया. गिरफ्तार अभियुक्तों में नीरज कुमार ग्राम अलगडीह, संतोष कुमार यादव ग्राम सुदन, पवन कुमार वर्णवाल ग्राम अलगडीहा, सभी थाना चलकुशा, कृष्णा चौधरी एवं नागमणि ग्राम जामु, थाना मरकच्चो एवं देवनंद साव ग्राम गडगी थाना जयनगर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया की अभियुक्तों में 4 लोग चोरी में शामिल थे ।तथा दो चोरी के सामान खरीद फरोख्त में शामिल थे।अभी एक और अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

## फुलवरिया के बासुदेव मेहता व धरगाँव के उपमुखिया बनेनारायण साव

**अपेम लाइव डोमचांच**
**सुनिल रजक**




डोमचांच प्रखंड के फुल. वरिया पंचायत सचिवालय में नवनिर्वाचित मुखिया व उप मुखिया का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी माँ देव प्रिया ने मुखिया संजय कुमार मेहता व वार्ड सदस्यों को पद व गोपनीयता का शपथ दिलाया। उसके उपरांत उपमुखिया के लिये मतदान करवाया गया। जिसमें वार्ड सदस्य बासुदेव मेहता व पवन मेहता को पांच-पांच मत प्राप्त हुआ। अंत मे मुखिया संजय कुमार मेहता के वोट से वासुदेव मेहता उपमुखिया निर्वाचित हुए।

वहीं धरगाँव पंचायत में उपमुखिया चुनाव में हुए मतदान में वार्ड सदस्य नारायण साव को 07 वोट तथा अंजु देवी को 03 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार नारायण साव 04 मत से जीत दर्ज किया।

## बच्छई पंचायत से उपमुखिया बने संजय साव, मुखिया बिरेन्द्र रजक ने लिया शपथ



**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**

26 पंचायतों में उपमुखिया चुनाव के साथ पंचायत चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न हो गया। आखिरी पंचायत बच्छई में उपमुखिया चुनाव के बाद बीडीओ ने प्रखण्ड वासियो, जनप्रतिनिधियों व मीडिया बंधुओ के प्रति आभार प्रकट किया। बच्छई पंचायत में मुखिया बिरेन्द्र रजक व वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाने के बाद उप मुखिया चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न हुवा। उपमुखिया पद पर संजय साव व संगीता देवी ने नामंकन करवाया। चुनावी मतगणना के बाद संजय साव के पक्ष में 5 मत व संगीता देवी के पक्ष में महज 3 मत प्राप्त हुवा। संजय साव दो मत से चुनाव जीत बच्छई पंचायत के उपमुखिया बने। निर्वाचित मुखिया, उपमुखिया, पंचायत समिति सदस्य को उपस्थित लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। मुखिया बिरेन्द्र रजक ने कहा कि पंचायत कि जनता ने जो जनादेश दिया है उसका सम्मान करते हुए पंचायत हित मे कार्य करूँगा । निर्वाचित उप मुखिया संजय साव ने कहा कि मैं अपने जिम्मेवारियां का निर्वहन करूँगा। मौके पर देवल यादव, बिरेन्द्र चनद्रवंशी, सुरेंद्र यादव, सुनील साव, बहादुर रजक, शंकर दयाल साव, नकुलदेव रजक, दिनेश उर्फ़ गांधी जी, तौसीफ अंसारी, सकलदेव यादव, मोहित राणा, गणेश भुइयाँ, अंगद यादव, प्रकाश यादव, उमेश यादव, सहित अन्य।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## पूर्व मुखिया पुनम नौशाद बनी सिंघरावां पंचायत से उपमुखिया

### पंचायत के विकास में मुखिया का करूँगी सहयोग : पूनम नौशाद



**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**

सिंघरावां पंचायत राजनी. तिक एकता का मिशाल पेश किया। निर्वाचित मुखिया संतोष सिंह ने बड़ा दिल दिखाते हुए पंचायत चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रहे नौशाद खान कि पत्नी सह सिंघरावां पंचायत के पूर्व मुखिया पूनम नौशाद को उपमुखिया बना दिया। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा ने मुखिया संतोष सिंह व निर्वाचित वार्ड सदस्यों को पद व गोपनीयता का शपथ दिलाया। उपमुखिया के रूप में पूनम नौशाद पति नौशाद खान व सुदामा देवी पति उमेश यादव ने नामांकन पत्र भरा। 16 वार्ड सदस्यों ने दोनो के पक्ष में मतदान किया। पूनम नौशाद के पक्ष में 12 मत व सुदामा देवी के पक्ष मात्र 4 मत प्राप्त हुवा। 8 मत से पूनम सिंघरावां पंचायत की उपमुखिया बनी। चुनाव जीतने के बाद सभी वार्ड सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पूनम नौशाद ने कहा कि पूर्व मुखिया कार्यालय के अनुभव को साझा करते हुए वर्तमान मुखिया संतोष सिंह को पंचायत विकास में मदद करूँगी। मुखिया संतोष सिंह ने कहा कि पंचायत के विकास मे वार्ड सदस्यो की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगा। मौके पर राजेन्द्र रविदास,

## प्रतापपुर अस्पताल का मूल कागजात नही होने के कारण जमीन की मापी नही हुआ

### प्रतापपुर के जनप्रतिनीधियो के उपस्थिति मे सरकारी अमीन के द्वारा होगी जमीन की मापी



**अपेम लाइव : प्रतापपुर**
**कुमार चंदन**

प्रखंड के हाई स्कूल व अस्पताल का विवादित भूमि की जमीन की मापी को लेकर सोमवार को सीओ जुल्फिकार अंसारी के द्वारा सरकारी अमीन उपलब्ध कराई गई। जमीन मापी के मौके पर अमीन के साथ हाई स्कूल के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनीधि सतेन्द्र पासवान, जिला परिषद प्रतिनीधि सह मंत्री प्रतिनी. धि,रामपुर के पूर्व मुखिया खेदु यादव, जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष जवाहर यादव, ज्ञान प्रकाश कुमार, रैयत स्वामी सतेन्द्र प्रसाद, प्रदीप कुमार, किशोर कुमार, उपेन्द्र कुमार,तुलसी राम ग्रामीण ईश्वरी पा. सवान,रामचन्द्र साव समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।बता दे कि प्रतापपुर अस्पताल के कुल जमीन 8.26 एकड एवं प्रतापपुर हाई स्कूल की कुल जमीन 4.50 एकड है।जबकि हाई स्कूल एवं अस्पताल के अगल बगल के कई रैयतो की खतियानी जमीन है।जिसका अंचल मे डिमांड चल रहा है।जबकि ऐसे कई भू माफिया के द्वारा अस्पताल की जमीन को कब्जे मे लेकर पक्का मकान बना लिया गया है।मौके पर मंत्री प्रतिनीधि भोला प्रसाद, सांसद प्रतिनीधि सतेन्द्र पासवान, रामपुर के पूर्व मुखिया खेदु यादव, जवाहर यादव समेत कई जनप्रतिनीधि व समा. जसेवियो ने कहा कि अस्पताल का मूल कागज उपलब्ध होने पर पुन जमीन की मापी कराई जाएगी।भू माफिया होश में आ जाए ।अस्पताल के जमीन को अबैध रूप से जो कब्जा कर मकान व दूकान बना लिया है ,उसपर बुल्डोजर चलाया जाएगा।किसी को वक्सा नही जाएगा।

APEM LIVE

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण मामले को लेकर फरार आशिक को पुलिस ने दबोचा,भेजा गया जेल।

### बिहार के गया में पढ़ाई दौरान युवक को प्यार करना पड़ा भारी, पुलिस ने भेजा जेल

**अपेम लाइव : प्रतापपुर**
**कुमार चंदन**



प्रतापपुर में एक युवक चार साल तक शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारी. रिक संबंध बनाता रहा। और जिसके बाद उसने दहेज का बहाना बनाकर उसे किनारा कर लिया था। पूरा मामला जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता ने युवक पर शादी के वादा करके व शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाई थी। जिसमे बाद पीड़िता ने थाना पहुंच कर 7 महीने पूर्व अपने आपबीती बताते हुए न्याय की घुहार लगाई थी। जिसके बाद प्रतापपुर पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी थी। जिसके बाद से युवक लगातार फरार चल रहा था। पीड़िता ने बताई की उसका कथित आशिक हंटरगंज थाना क्षेत्र के अउरु गेरुवा का रहने वाला है। पीड़ित युवती को पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच दोस्ती हुआ था। पीड़िता के अनुशार लड़का बिहार के गया में रहकर पढ़ाई किया करता था। जो कि पीड़िता की दोस्त ने उस लड़के से संपर्क करवाई थी। इस दौरान दोनों में प्यार हो गया। पीड़िता प्रेम प्रसंग मामले में फंस कर शंकर से बातों ही बातों में वर्ष 2018 में युवती को बिहार के गया में पढ़ाई के दौरान दौरान प्यार हो गया फिर हंसी माजक का सिलसिला शुरू हुआ। जिसके बाद पहली बार युवक ने युवती के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, लेकिन युवक ने उसे मना कर दिया। बाद में युवती ने शादी करने के लिए हामी भर दी थी। और युवक बिहार में पढ़ाई करने को लेकर गया में किराये का एक मकान में रहता था। युवती के अनुसार शारीरिक संबंध बनाने से पहले कसम खाई थी। कि वह घर वाले को राजी कर लेगा और जल्द ही दोनों शादी कर लेंगे लेकिन शकंर कुमार पढ़ाई ख़त्म कर अपने घर लौटा और अपने परिजनों के बीच पीड़िता से शादी के बात कहा तो शंकर के परिवार वालो को लड़की पसन्द न आने की बात कह डाली। उसी बीच लड़के ने पीड़िता को आज से सात महीने पहले फ़ोन लगाकर पीड़िता से बोला कि हमारे परिजन को तुम पसन्द नही हो ऐसे में अगर हम तुम से विवाह रचा लिया तो हमारे परिजन आत्महत्या करने की बात कह रहे हैं। इसी बात को लेकर लड़के ने शादी से इनकार कर दिया। वही पीड़िता ने बताई थी कि लड़के के शादी कही दूसरे जगह दो महीने पूर्व कर लिया है। और हम चाहते हैं की उसके साथ मेरी शादी हो पीड़िता ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि जिस प्रकार से मेरे साथ शादी के बात कहकर यौन शोषण किया गया ठीक उसी प्रकार हम चाहते हैं थे। कि उसकी साथ मेरी शादी हो ताकि मेरी जो इज्जत उसने तार तार की थी उसकी रक्षा हो सके। हालांकि लड़के ने किराये के मकान नही बदला और दोनों का मिलना जुलना जारी रहा पीड़िता को परिवार तक प्रेम प्रसंग का मामला पहुंचा। तब उसके बाद आ. शिक के घर पर शादी की बात की गई मगर युवक ने युवती को परिवार वालो को ये लड़की पसंद नही करने की बात को लेकर टाल मटोल करना शुरू कर दिया था।जिसके बाद पीड़िता ने थाने में न्याय कि गुहार लगाई थी की या तो हमारी शादी शंकर से कराई जाए। नही तो शंकर पर कानूनी कार्रवाई हो। वही इस मामले पर प्रताप. पुर पुलिस ने कहा कि इस मामले को लेकर पीड़िता के द्वारा आज से सात महीना पहले एक लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। जिसके बाद से आरोपी आ. शिक लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। जिसकी सूचना कल अचानक रविवार को मिली की शंकर अपने घर हंटरगंज थाना क्षेत्र के आरु गेरुवा अपने घर पर आया हुआ है। जिसके बाद प्रताप. पुर ने आनन फानन में एक टीम गठित कर युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर आज सोमवार को जेल भेज दिया गया।

## विष्णुगढ़ में सवारी गाड़ी पलटी, एक की मौत, दस लोग घायल

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**





विष्णुगढ़ गोमियां रोड़ में जमनीजारा के पास सोमवार को एक सवारी गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। वहीं, वाहन पर सवार करीब दस लोग घायल हो गए। सभी एक ही परिवार के लोग बताए जाते हैं। सभी घायलों का इलाज विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। जिसमें गंभीर रूप से घायल चार लोगों को बेहतर इलाज के लिए एचएमसीएच हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि रामगढ़ जिला के लईयो से एक ही परिवार के करीब 15 लोग एक सवारी गाड़ी पर सवार होकर विष्णुगढ़ के नवादा में एक मैयत में शामिल होने के लिए गोमियां की ओर से आ रहे थे। इसी बीच विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर जमनीजारा के पास तीखे मोड़ में सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें वाहन पर सवार हाफीजा खातून, मो नियाज, अजमेरी खातून, समीम अंसारी, राबिया खातून, जोहरा खातून, जबदुन निशा, जलेखा खातून, सायरा खातून, समीना खातून, साहिल अंसारी आदि घायल हो गए। इनमें 70 वर्षीया वृद्धा हाफीजा खातून की अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। दुर्घटना होते हीं घटनास्थल पर कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने में काफी मदद की। घायलों के अस्पताल आने पर अफरातफरी का माहौल बना रहा।

फोटो– अस्पताल में इला. जरत घायल महिला

APEM LIVE

दिनांक: 20-06-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## 21 जून को प्रखण्ड परिसर में योगा दिवस एवं विकलांगता प्रमाणपत्र एवं उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

## 23 जून को लगेगा के सी सी ऋृण शिविर

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखण्ड परिसर में मंगलवार को सुबह छः बजे योगा दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया है ।जिसमे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने प्रखण्ड कर्मियों के साथ साथ प्रखण्ड के सभी जनप्रतिनिधियों नवनिर्वाचित मुखिया, उपमुखिया,पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख उपप्रमुख एवं आम लोग इस योग शिविर में भाग लेकर अपने तन को स्वाथ्य और निरोगी बनाएं ।उसके बाद विकलांग शिविर का भी आयोजन किया गया है जिसमे वैसे विकलांग जिनका विकलांगता प्रमाण पत्र अब तक नहीं मिला है और जिन्हें कोई विकलांग उपकरण प्राप्त नहीं हुआ है वे शिविर में आकर विकलांग प्रमाणपत्र लेकर और जिनको जो समस्या है वैसे उपकरण लें लें।

## अग्निपथ योजना के विरोध में भारत बंद विष्णुगढ़ में बेअसर

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



अग्निपथ योजना के विरोध में आहूत भारत बंद विष्णुगढ़ और इसके आसपास के इलाकों में बेअसर रहा। बाजार के सभी दुकान और प्रतिष्ठान आम दिनों की तरह खुले रहे। बाजार में भी आम चहल-पहल बनी रही। विष्णुगढ़, नवादा तथा बनासो में स्थित सभी बैंक, पेट्रोल पंप और सरकारी कार्यालय खुले रहे। वाहनों का परिचालन भी सामान्य रहा। सिर्फ कुछ बड़े यात्री वाहन और भारी मालवाहक वाहन सड़क पर कम देखे गए। सरकार के निर्देशानुसार सभी सरकारी तथा निजी विद्यालय बंद रहे।

## विष्णुगढ़ में शिक्षा मंत्री का झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का हजारीबाग परिसदन से बेको सोना पहाड़ी मंदिर जाने के क्रम में विष्णुगढ़ सातमील मोड़ पर झामुमो कार्यकर्त्ताओं ने स्वागत किया। झामुमो युवा नेता गौरव पटेल, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी, पूर्व सचिव संजय प्रजापति विष्णुगढ़ उपमुखिया अनुराग बर्मन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर अभिनंदन सह स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने मंत्री से विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय में नया भवन प्राथमिकता के आधार पर बनवाने, जोबर राजकीय मध्य विद्यालय उच्चाघाना तथा राजकीय मध्य विद्यालय नरकी को उत्क्रमित उच्च विद्यालय में करने की मांग की। मंत्री ने सभी मांग को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष देवी राम हेम्ब्रम, संजय प्रजापति, चेडरा मुखिया निर्मल कुमार, भेलवारा मुखिया लक्ष्मी कुमारी, राजू श्रीवास्तव, राणा इकबाल खान, गंगाधर महतो, संजय पटेल, दिलेर आजाद, जितेंद्र यादव, सुनील अकेला, विकाश सोनी, शंकर महतो, पवन महतो, शरीफ अंसारी, सुनील सिंह, निजाम सिद्दीकी, अनंतलाल महतो, बुधन महतो, मो शकील, संतोष पटेल, तरुण कुमार गोस्वामी, पंकज पटेल, भूपेंद्र महतो, प्रभु हांसदा, दुष्यंत मेहता, दिनेश हांसदा, सरिता देवी, किशोरी महतो, संजय सिंह समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## गिरिडीह जिला परिषद अध्यक्ष पद पर दुसरी बार कब्जा जमाया मुनिया देवी ने

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




20 जून सोमवार को पूरी चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच गिरिडीह जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद की चुनावी प्रक्रिया नया समाहरणालय भवन पपरवाटांड में जारी है। दिन के एक बजकर पैंतालिस मिनट पर जिला परिषद् अध्यक्ष का परिणाम घोषित हुई जिसमे अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रीता देवी को छह वोट से मात देकर मुनिया देवी ने दुसरी बार जीत दर्ज किया। इसके पूर्व मुनिया देवी ने 2010में भी जिला परिषद् अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज कर अपना कार्यकाल पूरा कर चुकी है। उपाध्यक्ष पद का परिणाम देर शाम 6.45तक आएगी इस बात की जानकारी गिरिडीह उपायुक्त ने मीडिया को दी। प्राप्त जानकारी अनुसार जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी के पति मृगांक कुमार उर्फ कोलेश्वर वर्मा समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं। बधाई देनेवालों का तांता लगा रहा नया समाहरणालय परिसर में। जमकर उड़े अबीर और गुलाल। मृगांक कुमार उर्फ कोलेश्वर वर्मा को माला पहनाकर और जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी को बुके देकर सम्मानित किया उनके समर्थको ने। मुनिया देवी की जीत की खबर पाकर मानो जनसैलाब उमड़ पड़ा नया समाहरणालय परिसर में।

## एनएमओपीएस गिरिडीह इकाई की बैठक सर जे सी बोस बालिका उच्च विद्यालय गिरिडीह में संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज दिनांक 209 2022 को सर जे सी बोस बालिका उच्च विद्यालय के सभागार में एनएमओपीएस जिला इकाई की 26 जून पुरानी पेंशन जुनून को लेकर जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में यहां बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बतौर विशिष्ट आमंत्रित अतिथि प्रांतीय मीडिया पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद प्रांतीय महिला उपाध्यक्ष समा प्रवीण मौजूद थी संयोजक मुन्ना कुशवाहा ने बताया कि जिला इकाई गिरिडीह एनएमओपीएस 26 जून की रैली के लिए स्थानीय झंडा मैदान से प्रातः 6:00 बजे रवाना होगी और जिले के सभी एनपीएस कर्मचारी बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी में जमा होंगे और वहां से एक साथ 10रू00 बजे कार्यक्रम स्थल मोराबादी मैदान के लिए रवाना होंगे इस ऐतिहासिक जयघोष महा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों के प्रखंड संयोजक के साथ कार्यक्रम पदाधिकारी का मनोनयन किया गया जिनको प्रखंड स्तर पर सभी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में एनपीएस कर्मचारियों को रांची लेकर जाना है और पुरानी पेंशन लेकर आना है निर्णय लिया गया कि सभी प्रखंडों के कर्मचारियों की उपस्थिति कार्यक्रम स्थल मोराबादी मैदान में ली जाएगी जिला एनएमओपीएस की महिला प्रकोष्ठ का गठन सर्वसम्मति से किया गया जिसमें अध्यक्ष प्रियंका माथुर शिक्षा सचिव कल्पना सिंह स्वास्थ्य विभाग उपाध्यक्ष पापिया सरकार माध्यमिक शिक्षा कार्यकारिणी रूपा कुमारी आरक्षी रेनू यादव रियल डब्लू उप्पल एशियन हेरेंज माध्यमिक शिक्षा निशा रानी माध्यमिक शिक्षा सविता कुमारी माध्यमिक शिक्षा कुमारी स्वीटी माध्यमिक शिक्षा का मनोनयन किया गया कार्यक्रम की सफलता के लिए आगामी 21 जून जून को धनवार बिरनी सरिया और बगोदर का दौरा जिला एनपीएस की टीम करेगी और विभिन्न विभागों विभागों में सेवारत सरकारी कर्मचारियों को से समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में पेंशन जयघोष महा सम्मेलन में शामिल होने की अपील करेगी आज के इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला संरक्षक घनश्याम गास्वामी जिला कोषाध्यक्ष रविकांत चौधरी कर्मचारी संघ के संयोजक विकास शिक्षक संघ के सचिव ऋषि कांत सीना मनोज रजक विनोद प्रसाद यादव दयानंद कुमार मोहम्मद अख्तर अंसारी रंजीत कुमार संदीप कुमार पुलिस मरांडी जुगल किशोर पंडित शंकर प्रसाद अनुज कुमार मिथुन राज प्रकाश कुमार माला लता मुर्मू चंदन सिंह सचिन कुमार उमेश चौधरी सहित कई पेंशन विहीन साथी मौजूद थे यह जानकारी जिला एनएमओपीएस टीम के मीडिया प्रभारी महेंद्र प्रसाद दांगी ने दिया

## ललिता देवी निर्विरोध बनी गावां प्रमुख , उपप्रमुख के लिए नेहा कुमारी निर्वाचित

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीहःगावां प्रखण्ड प्रमुख एवं उपप्रमुख को लेकर सोमवार को प्रखण्ड मुख्यालय में काफी गहमा गहमी का माहौल देखने को मिला। इस बीच प्रमुख पद के लिए ललिता देवी निर्विरोध निर्वाचित हुई और इस तरह वह तीसरी बार जीत हासिल कर हैट्रिक लगाई। बता दे कि नवनिर्वाचित प्रमुख ललिता देवी धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव की धर्मपत्नी है। उसके बाद उपप्रमुख के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन करवाया। उनके बाद 23 पंचायत समितियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किये जिसमे नेहा कुमारी को 12 मत और अशोक प्रसाद यादव को 11 मत प्राप्त हुआ और इस प्रकार नेहा कुमारी एक मत से उपप्रमुख के लिए निर्वाचित हुई। उसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधि को गोपनीयता की सपथ दिलाये।

## कांग्रेस नेता अरुण साहू ने किया नव निर्वाचित प्रमुख का स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



नव निर्वाचित प्रमुख मनोज रजक के दौरवा आवास पहुंच कर कांग्रेस नेता अरुण साहू ने बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने मनोज रजक के निर्वाचित होने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि प्रमुख मनोज रजक जी युवा है। बरही की समस्या के प्रति गंभीर रहने वाले जन प्रतिनिधि है। इनके नेतृत्व में बरही प्रखंड का विकास होगा। अरुण साहू ने कहा कि बरही का विकास अब तक नही हुआ। अब मौके पर मनोज रजक, मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, छोटन ठाकुर, मो यूसुफ, मो सगीर, सोनू, बबलू साव , मनोज पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।